छावनी बोर्ड इलाहाबाद छावनी

इलाहाबाद 14 नवम्बर 1990

सं का०नि०आ टी-51/सी टी/1474—इलाहाबाद छावनी की सीमाओं के भीतर सफाई पर अधिरोपित करने के बारे में एक सार्वजनिक सूचना का प्रारूप छावनी अधिनियम 1924 (1924 का 2) की धारा 61 की अपेक्षानुसार छावनी बोर्ड की सूचना सं० टी-51/सी टी/690 दिनांक 7 जून 1990 के साथ प्रकाशित किया गया था और उक्त सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिन की अवधि समाप्त होने तक उसके बारे में आक्षेप व सुझाव मांगे गये थे ;

और उक्त सूचना तारीख 7 जून 1990 को छावनी बोर्ड के सूचना पट पर लगाई गई थी;

और जनता से प्राप्त आक्षेप व सुझाव पर छावनी बोर्ड द्वारा पूर्ण रूप से विचार किया ।

अतः छावनी बोर्ड इलाहाबाद उक्त अधिनियम की धारा 60 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी से इलाहाबाद छावनी की परिसीमाओं में सभी भूमि व भवनों पर उनके वार्षिक मूल्यांकन के 2% की दर से सफाई कर आरोपित करता है ।

प्रतिबन्ध यह है कि उपरोक्त कर छावनी बोर्ड तथा केन्द्रीय सरकार के भूमि व भवनों पर आरोपित न होगा ।

र०स०म०नि० पत्र संख्या 53/12/सी/डीई/90

जगदीश पाण्डेय,
छावनी अधिशासी अधिकारी
इलाहाबाद छावनी

दिल्ली विश्वविद्यालय

वार्षिक लेखा एवं परीक्षा प्रतिवेदन 1988-89

दिनांक 30 अगस्त 1990

सं० आई० ए० /29380— दिल्ली विश्वविद्यालय अधिनियम 1922 (अधिनियम VIII, 1922) की धारा 39 (2) के अंतर्गत जरूरी सूचना प्रदान करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के वर्ष 1988—89 के वार्षिक लेखों और उनकी लेखा-परीक्षा रिपोर्ट प्रकाशित की जा रही है।

ह० अपठनीय
कुल सचिव

लेखा परीक्षा प्रमाण-पत्र

मैंने दिल्ली विश्वविद्यालय के 31 मार्च 1989 को समाप्त वर्ष के प्राप्ति तथा भुगतान लेखे/आय तथा तथा व्यय लेखे तथा 31 मार्च, 1989 के तुलन-पत्र की जांच कर ली है। मैंने सभी अपेक्षित सूचना तथा स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिये हैं तथा संलग्न लेखा परीक्षा प्रतिवेदन में दी गई अभ्युक्तियों के अधीन रहते हुए अपनी लेखा परीक्षा के परिणामस्वरूप मैं प्रमाणित करता हू कि मेरी राय में तथा मेरी सर्वोत्तम जानकारी तथा मुझे दिये गये स्पष्टीकरण तथा संगठन की बहियों में दर्शाये गये उल्लेखों के अनुसार ये लेखे और तुलन पत्र उपयुक्त रूप से तैयार किये गये हैं तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के कार्यकलापों का सही और उचित रूप प्रस्तुत करते हैं।

धर्मवीर,
प्रधान निदेशक, लेखा परीक्षा-I
केन्द्रीय राजस्व, नई दिल्ली—2

स्थान : नई दिल्ली

दिनांक : 4—5—90

वर्ष 1988—89 के लिये दिल्ली विश्वविद्यालय पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन

1. प्रस्तावना

दिल्ली विश्वविद्यालय की स्थापना, शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में अनुदेश तथा अनुसन्धान करने, डिग्रियां प्रदान करने तथा उसी उद्देश्य के लिये कालेज, हाल तथा संस्थाओं की स्थापना तथा अनुरक्षण के मुख्य उद्देश्य से, मई, 1922 में की गई थी। विश्वविद्यालय का वित्तपोषण मुख्यतः विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (वि० अ० आ०) से प्राप्त अनुदानों द्वारा किया जाता है। वर्ष 1988—89 के दौरान विश्वविद्यालय ने 2886.93 लाख रु० (योजनेत्तर के रूप में 2514.41 लाख रु०, योजनागत के रूप में 326.08 लाख रु० तथा विविध लेखे पर 46.44 लाख रु०) अनुदान के रूप में प्राप्त किये।

विश्वविद्यालय के लेखे नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के अधिनियम 1971 (कर्त्तव्य, शक्तियां तथा सेवा शर्तें) की धारा 19(2) के अन्तर्गत लेखा परीक्षित किये जाते हैं। विश्वविद्यालय के वर्ष 1988—89 के वार्षिक लेखे में विश्वविद्यालय तथा उसकी प्रैस के प्राप्ति तथा भुगतान लेखे का सार, विश्वविद्यालय का आय तथा व्यय लेखा, उसकी प्रैस का लाभ तथा हानि लेखा तथा विश्वविद्यालय तथा उसकी प्रैस का 31—3—1989 का तुलन-पत्र शामिल है।

2. लेखे पर टिप्पणी

2.1 सभागारों/छात्रावासों के वार्षिक लेखे समेकित करके विश्वविद्यालय के मुख्य लेखे में समाविष्ट नहीं किये गये थे। लेखा-परीक्षा संवीक्षा तथा प्रमाणीकरण के लिये अनुरक्षित संस्थानों/महाविद्यालयों के सम्बन्ध में वार्षिक लेखे अभी तक समेकित करके विश्वविद्यालय के मुख्य लेखे में समाविष्ट नही किये गये थे।

विश्वविद्यालय ने अगस्त 1989 में बताया कि विश्वविद्यालय के वर्ष 1988—89 के लेखे सभागारों/छात्रावासों तथा अनुरक्षित संस्थानों/महाविद्यालयों से उनके लेखे प्राप्त न होने के कारण उन लेखों को समाविष्ट किये बिना ही बन्द कर दिये गये थे। अनुरक्षित संस्थानों/महाविद्यालयों के लेखे की प्रस्तुति में विलम्ब कुछ और समय तक बने रहने की आशा थी।

2.2 परिसंपत्तियों का मूल्यांकन तथा सत्यापन

तुलन-पत्र के अनुसार मार्च 1989 के अन्त तक प्राप्त परिसंपत्तियों का कुल मूल्य 4383.01 लाख रु० था, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है :—

क्रम सं०	परिसम्पत्ति का प्रकार	परिसम्पत्तियों का कुल मूल्य (लाख रु० में)
1.	भूमि	121.27
2.	भवन	1,401.29
3.	फर्नीचर तथा उपकरण	1,481.42
4.	वाहन	19.46
5.	विज्ञान उपकरण	146.95
6.	पुस्तकें तथा सामयिकी	1,211.21
7.	खेल-कूद उपकरण तथा ट्राफी	1.41
	जोड़	4,383.01 लाख रु०

तुलन-पत्र में दर्शाई गई परिसंपत्तियों के मूल्य सत्यापन योग्य नहीं थे क्योंकि विश्वविद्यालय ने न तो कोई केन्द्रीयकृत परिसम्पत्ति रजिस्टर अनुरक्षित किया था न ही इन शेषों का अपने 79 विभागों में अनुरक्षित किये गये स्टाक रजिस्टरों में उनके मूल्य के जोड़ के साथ मिलान किया था।

विभागीय स्टाक रजिस्टरों में भी उनमें प्रविष्ट समस्त परिसंपत्तियों की प्रगामी कुल लागत निहित नहीं थी।

समस्त भवनों के ब्यौरे विश्वविद्यालय के इंजीनियरी विभाग में अनुरक्षित सम्पत्ति रजिस्टर में प्रविष्टि किये जाने अपेक्षित थे लेकिन समस्त भवनों के कुल मूल्य सम्पत्ति रजिस्टर में प्रविष्ट नहीं किये गये थे। इसके अतिरिक्त, रजिस्टर में प्रविष्ट समस्त भवनों की कुल लागत तुलन-पत्र दर्शाये जा रहे 1401.29 लाख रु० के प्रति 1262.35 लाख रु० परिकलित की गई। अतः लेखे में दर्शाये गये परिसंपत्तियों के मूल्य को प्रमाणिक नहीं माना जा सका।

इसी प्रकार की अनियमितता के बारे में वर्ष 1987–88 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में संकेत किया गया था, लेकिन अनियमितता अभी तक बनी हुई थी। विश्वविद्यालय ने दिसम्बर 1989 में बताया कि सम्पत्ति रजिस्टर पूर्ण किया जा रहा था। (ii) वर्ष में एक बार अपेक्षित रूप में किया जाने वाला परिसम्पत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन वर्ष 1988–89 के दौरान 16 विभागों में नहीं किया गया था। 16 विभागों में से 13 विभागों का प्रत्यक्ष सत्यापन कभी भी नहीं दिया गया था।

विश्वविद्यालय ने जनवरी, 1990 में बताया कि लेखा परीक्षा द्वारा संकेत दिये गये 16 विभागों में से, 7 विभागों में प्रत्यक्ष सत्यापन अपेक्षित नहीं था क्योंकि उनके प्रभार पर भण्डार की कोई मद नहीं थी तथा उन 7 विभागों में फर्नीचर आदि की मदें साउथ कैम्पस के मुख्य भण्डार के प्रभारांधीन थीं। शेष 9 विभागों में से 6 विभागों के भण्डार का प्रत्यक्ष सत्यापन पूरा किया जा चुका था। शेष 3 विभागों में सत्यापन का कार्य प्रगति पर था।

2.3 भविष्य निधि लेखा

31–3–89 को विश्वविद्यालय के तुलन-पत्र में देयता पक्ष की ओर "भविष्य निधि लेखे" शीर्ष के अन्तर्गत 2172.90 लाख रु० का शेष दर्शाया गया था। इस राशि को सत्यापित नहीं किया जा सका और न ही भविष्य निधि के लेखे में सही देयता का पता लग सका क्योंकि भविष्य निधि की ग्राउण्डशीटों को पूरा करने तथा समन्वित करने से संबंधित कार्य 1982–83 से इस तथ्य के बावजूद बकाया में था कि इसके लिये जुलाई 1978 में एक विशेष सैल गठित किया गया था। 1981–82 के अन्त में लेखा आंकड़ों तथा व्यक्तिगत लेखों के शेषों के जोड़ के बीच 323841.78 रु० का अंतर था जिसके ब्यौरे उपलब्ध नहीं थे। इसके अतिरिक्त कुल प्राप्तियों में वर्ष 1981–82 के दौरान लेखा आंकड़ों तथा अभिदाताओं के व्यक्तिगत लेखों के शेषों के जोड़ के बीच 231919.52 रु० का अंतर था जिसका अभी तक पता लगाया जाना था। विश्वविद्यालय ने दिसम्बर 1989 में बताया कि समायन का कार्य किया जा रहा था तथा अन्तरों के समाधान के लिये विशेष निगरानी रखी जा रही थी।

2.4 अन्य जमा लेखे

31 मार्च 1989 को तुलन पत्र के देयता-पक्ष की ओर "अन्य जमा लेखे" शीर्ष के अन्तर्गत 1.08 लाख रु० की राशि दर्शायी गई थी। यह राशि वेतन बिलों, जमाओं में कटौतियों, अन्य निकायों/योजनाओं से प्राप्त अनुदानों तथा अन्य जमाओं आदि से संबंधित लेन-देनों के निवल प्रभाव को निरूपित करती थी।

इस प्रकार के लेन-देनों के लिये अनुरक्षित ब्राडशीट की संवीक्षा में निम्न प्रकट हुआ :

(1) 31 मार्च 1989 को इन शीर्षों के प्रति शेष निम्न प्रकार थे :

क्रम सं०	शीर्ष का नाम	31-3-1989 को शेष
		(रु०)
1.	जमा	5,25,073.74
2.	अनुदान	(–) 28,17,825.98
3.	अन्य योजनाएं	(–) 1,78,604.58
4.	अन्य जमा	23,16,515.13
5.	वेतन बिलों में कटौतियां	2,62,417.51
	जोड़	1,07,575.82

जैसा कि 1984–85 से 1987–88 तक के लेखा परीक्षक प्रतिवेदनों में पहले ही टीका टिप्पणी की जा चुकी थी, देय राशि को तुलन-पत्र के देयता पक्ष में तथा वसुली योग्य राशि को परिसम्पत्ति पक्ष में दर्शाया जाना चाहिये। लेकिन डेबिट शेषों को उपशीर्ष "अनुदान" के रूप में तथा "अन्य योजनाओं" को घटा देताओं के रूप में दर्शाया जाना जारी रहा।

आगे, उपर्यक्त शीर्षों के अन्तर्गत शेषों का संबंधित लेजरों में दर्शाये गये शेषों के साथ सत्यापन नहीं किया जा सका क्योंकि लेजर अनुरक्षित नहीं किये गये थे।

II. 31 मार्च, 1989 को तुलन-पत्र के "अन्य जमा लेखे" की अनुसूची में इस लेखे के प्रत्येक उपशीर्ष के अन्तर्गत दर्शाये गये वास्तविक निवल शेषों का पता लगाने के लिये "देय राशि तथा वसूली योग्य राशि" के ब्यौरे नहीं दर्शाये गये थे।

2.5 बकाया अग्रिम

संभरकों को भण्डार, उपकरण, भवन सामग्री की खरीद के लिये, विश्वविद्यालय विभागों को सम्मेलन, संगोष्ठियों के आयोजन, सीमाशुल्क के भुगतान, विदेशों से प्लांट, उपकरण तथा केमिकल आयात करने के लिये, साख-पत्रों खुलवाने के लिये अग्रिम रूप में प्रदत्त 165.33 लाख रु० की राशि 31 मार्च 1989 को बकाया थी, जिसके ब्यौरे नीचे दिये गये हैं :—

क्रम सं०	श्रेणी	31–3–1989 को शेष (रु० में)
1.	भवन	12,31,127
2.	फर्नीचर तथा उपकरण	58,17,725
3.	विज्ञान उपकरण	3,92,998
4.	पुस्तकें तथा सामयिकी	4,485
5.	अनुसन्धान योजनायें, सेमीनार शिक्षा वृत्तियां	48,53,078
6.	संबंधित वर्षों के आय तथा व्यय लेखे में प्रभारित अन्य अग्रिम	42,34,017
		1,65,33,430

उपर्यक्त राशि में से 19,22,555 रु० राशि के अग्रिम 1987–88 तक के पिछले वर्षों से संबंधित थे। यह अग्रिम उस वित्तीय वर्ष जिससे यह दिये गये थे के समाप्त होने से पहले समायोजित किये जाने अपेक्षित थे। आगे स्वीकृत लेखा विधि प्रक्रिया के विपरीत ये अग्रिम लेखे के अन्तिम शीर्षों में प्रभारित किये गये थे। इस अनियमित प्रक्रिया पिछले लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों में

भी टीका टिप्पणी की गई थी। विश्वविद्यालय ने दिसम्बर 1989 में बताया कि अन्तिम शीर्ष में अग्रिम प्रभारित करने की प्रक्रिया को न्यायोचित बनाने के लिये मामला मार्च 1989 में मंत्रालय को भेजा गया था। तथापि विश्वविद्यालय ने इन अग्रिमों, विशेष रूप से पिछले वर्षों के अग्रिमों के समायोजन न होने के कोई कारण सूचित नहीं किये। विश्वविद्यालय ने जनवरी 1990 में बताया कि दिसम्बर 1989 के अन्त में अग्रिमों की राशि को 165 लाख रु० से 80 लाख रु० तक नीचे लाया गया था।

(ख) (विश्वविद्यालय परीक्षाएं कराने के लिए विभिन्न महाविद्यालयों को दिए गये 33.96 लाख रू० की राशि के अग्रिम, समायोजन बिल प्रस्तुत न किये जाने के कारण बकाया थे, जिसके वर्षवार ब्यौरे नीचे दिये गये हैं:.

वर्ष	राशि लाख रु० में
1981–82	0.61
1982–83	0.19
1983–84	0.23
1984–85	0.24
1985–86	0.96
1986–87	0.97
1987–88	5.10
1988–89	25.66
जोड़	33.96 लाख

2.6 प्राप्त योग्य राशि

तुलन-पत्र के परिसम्पत्ति पक्ष में प्राप्ति योग्य राशि के रूप में दर्शाई गई 4.51 लाख रु० की राशि में विद्यार्थियों से प्राप्त शुल्क के 0.08 लाख रु०, संगणक केन्द्र से प्राप्य 1.77 लाख रु०, निवासीय आवास के आबंटियों से वसूली योग्य लाइसेंस शुल्क आदि के 1.57 लाख रु० तथा अतिथि गृह तथा रायल्टी प्रभारों के क्रमशः 0.67 लाख रु० तथा 0.42 लाख रु० शामिल हैं। 0.42 लाख रु० की रायल्टी की वसूली एक प्रकाशक से 1978–79 से बकाया थी, मामला मध्यस्थ के पास था। विश्वविद्यालय ने जनवरी 1990 में सूचित किया कि लाइसेंस शुल्क तथा अतिथि गृह की वसूली योग्य राशि क्रमशः 0.73 लाख रु० तथा 0.56 लाख रु० तक नीचे आ गई थी।

2.7 ब्राडशीटों का अनुरक्षण न किया जाना

31 मार्च 1989 को तुलन-पत्र के परिसम्पत्ति पक्ष में निम्नलिखित दर्शाये गए :—

क्रम सं०	शीर्ष	राशि (रु० में)
1.	गृह निर्माण ऋण	5,43,76,172
2.	वाहन ऋण योजनेत्तर में से)	6,74,425
3.	वाहन ऋण (आवर्ती निधि में से)	4,18,029

गृह निर्माण ऋण के प्रति दर्शाई गई राशि की विशुद्धता को सत्यापित नहीं किया जा सका क्योंकि ब्राडशीट को बन्द किया जाना 1986–87 से बकाया में था।

इसी तरह वाहन ऋण (योजनेत्तर) के प्रति दर्शाई गई राशियों की विशुद्धता को सत्यापित नही किया जा सका क्योंकि वर्ष 1989–89 की ब्राडशीट को उचित ढंग से अनुरक्षित नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त लेखा आंकड़ों तथा 1988–89 के अन्त में व्यक्तिगत लेखे के शेषों के जोड़ के बीच 1,47,294 रु० का अन्तर था जिसका अभी तक (अक्तूबर 1989) समधान नहीं किया गया था।

वाहन ऋण (आवर्ती निधि) के प्रति दर्शाई गई राशियों की विशुद्धता को सत्यापित नहीं किया जा सका क्योंकि प्रत्येक के प्रति प्राप्य शेषों को दर्शाने वाली ब्राडशीट अनुरक्षित नहीं की गई थी। विश्वविद्यालय ने दिसम्बर 1989 में बताया कि संकेत किया गया अन्तर समाधानाधीन था।

2.8 बैंक समाधान

विश्वविद्यालय के 76 बैंक लेखे हैं। मार्च 1989 तक बैंक समाधान विवरणों की पुनरीक्षा करने पर हैं बैंक पास बुकों तथा विश्वविद्यालय की रोकड़ पुस्तकों में दर्शाये गये शेषों के बीच अन्तर प्रकट हुआ जिसका समाधान नहीं किया गया था, जिसके ब्यौरे नीचे दिये गये हैं।

विवरण	3 वर्षों से अधिक अन्तर	के लिये बकाया 1–3 वर्षों के बीच (रु० लाखों में)	एक वर्ष से कम	जोड़
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1. बैंक द्वारा क्रेडिट की गई लेकिन रोकड़ पुस्तकों में नहीं दर्शाई जा रही राशि	0.28	92.31	15.32	107.91
2. बैंकों को प्रेषित लेकिन बैंक पास बुकों में न दर्शाई जा रही राशि	0.36	17.11	9.35	26.82
3. चैक जारी किये गये लेकिन भुगताए नहीं गये	0.08	0.24	37.28	37.60
4. चैकों का भुगतान किया गया लेकिन रोकड़ पुस्तकों में नहीं दर्शाया गया	0.12	3.74	25.24	29.10
			जोड़	201.43

7 बैंकों लेखों के सम्बन्ध में बैंक समाधान बकाया में था।

विश्वविद्यालय ने दिसम्बर 1989 में बताया कि 131.34 लाख रु० राशि के अन्तरों का समाधान कर लिया गया था।

2.9 रोकड़ बहियों में घटा रूप में दर्शाए गए अन्त शेष

31–3–1989 को निम्नलिखित लेखों की रोकड़ बहियों में घटा शेष थे जिसके ब्यौरे नीचे दिये गये हैं :—

क्रम सं०	लेखे का नाम	31–3–1989 को शेष (रु० में)
1.	अनुरक्षण अनुदान लेखा सं० II	(–) 2,43,930.88
2.	अनुरक्षण अनुदान लेखा सं० III	(–) 9,05,616.03
3.	बाह्य परीक्षार्थी सैल लेखा (सी० तथा आई०–325)	(–) 12,376.65
4.	विभागीय प्राप्ति लेखा सं०–445	(–) 80,476.65
5.	शिक्षा विभाग (योजनागत लेखा)	(–) 9,713.70

विश्वविद्यालय ने दिसम्बर 1989 में बताया कि ये मुख्य लेखे की सहायक रोकड़ बहियां हैं तथा तदनुरूपी निधियों को समय पर मुख्य लेखे से इन लेखों में अंतरित नहीं किया जा सकता। तथापि, बैंक में इन लेखों में पर्याप्त निधियां उपलब्ध थी तथा उसमें अधिक आहरण नहीं था।

3. विश्वविद्यालय प्रैस

विश्वविद्यालय 1971–72 से व्यापारिक तौर पर एक विभागीय मुद्रण प्रैस चला रही थी। 1987–88 तथा 1988–89 के वर्षों, जबकि अर्जित लाभ क्रमशः 4.00 लाख रु० तथा 0.52 लाख रु० था, को छोड़कर प्रैस घाटे में चल रही थी। 1988–89 तक संचयित घाटा निम्न प्रकार था :—

वर्ष	लाख रु० में
1981–82	6.92
1982–83	12.13
1983–84	12.82

वर्ष	लाख रु० में
1984–85	17.85
1985–86	9.73
1986–87	27.43
1987–88	23.46
1988–89	23.02

इस तरह के बाटे ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त करके तथा विश्वविद्यालय के अन्य लेखे से निधियां अन्तरित करके पूरे किये जा रहे थे। 1988–89 के अन्त में ऋणों आदि की स्थिति निम्न प्रकार थी -

लेखे जिससे ऋण आदि प्राप्त किये गये :	राशि (लाख रु० में)
विविध लेखा	5.51
अनुरक्षण अनुदान	20 02
	25 53

ऋण की राशि 1984–85 में 13.08 लाख रु० से 1985–86 में 18.51 लाख रु० तक, 1986–87 में 23.43 लाख रु० 1987–88 में 24.68 लाख रु० तथा 1988–89 में 25.53 लाख रु० तक बढ़ गई थी ।

4. विश्वविद्यालय प्रैस की बकाया राशियां (वसूली योग्य)

31 मार्च, 1989 को विभागों, महाविद्यालयों तथा बाहरी पार्टियों आदि से वसूली योग्य प्रैस की राशियां 13.66 लाख रु० की थी जैसा कि नीचे दिया गया है :

वर्ष जिससे बकाया है	राशि (लाख रु० में)
1967–68 से 1980–81	1.81
1981–82	0.63
1982–83	0.14
1983–84	0.55
1984–85	0.56
1985–86	0.41
1986–87	0.25
1987–88	0.47
1988–89	8.84
	13.66

66 लाख रु० में से 4.43 लाख रु० की राशि विश्वविद्यालय तथा उसके विभागों के अलावा अन्य मांगकर्त्ताओं से वसूली योग्य थी । 1985–86 तक के पिछले वर्षों से संबंधित वसूलियों की प्रगति बहुत धीमी थी क्योंकि 31–3–1988 को 4.36 लाख रु० की राशि में से वित्तीय वर्ष 1988–89 के दौरान केवल 0.26 लाख रु० की राशि वसूल की जा सकी।

विश्वविद्यालय ने दिसम्बर 1989 में बताया कि 31–3–1989 को बकाया 13.66 लाख रु० में से, 31–10–1989 को 5.24 लाख रु० का शेष बचाते हुए 8.42 लाख रु० समायोजित किये गये थे। तथापि, यह देखा गया था कि 1985–86 तक बकाया की वसूली, जो कि 4.10 लाख रु० थी, की प्रगति बहुत कम थी।

5. संगणक केन्द्र—बकाया बिल

विश्वविद्यालय के पास एक संगणक था जिसका उसके द्वारा तथा भुगतान आधार पर अन्य प्राइवेट एजेंसियों द्वारा उपयोग किया जा रहा था। 31 मार्च, 1989 को अन्य प्राइवेट एजेंसियों तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/महाविद्यालयों से 1,77,170.12 रु० की राशि वसूली योग्य थी। इन बकाया बिलों का वर्षवार ब्यौरा निम्न प्रकार था :—

वर्ष	(राशि रु० में)
1972–73	13,776.80
1973–74	11,001.80
1974–75	9,674.19
1975–76	6,785.13
1976–77	5,441.66
1977–78	28,125.20
1978–79	22,661.38
1979–80	21,226.45
1980–81	20,705.55
1981–82	7,092.08
1982–83	7,981.53
1983–84	9,832.08
1984–85	7,406 24
1986–87	5,460.03*
सकल जोड़	1,77,170.12

*6/84 तथा 7/84 का बिल 22–1–1987 को किया गया। विशेष रूप से 1979–80 1981–82 से 1983–84 तक के पिछले वर्षों से संबंधित वसूलियों की प्रगति शून्य थी। 31 मार्च 1988 को बकाया 1,79,363.45 रु० में से वित्तीय वर्ष 1988-89 के दौरान केवल 2193.33 रु० की राशि की वसूली की गई थी।

विश्वविद्यालय ने दिसम्बर 1979 में बताया कि राशियों की वसूली के मामले संबंधित पार्टियों के साथ अनुनय किए जा रहे थे, लेकिन समय बीत जाने तथा अन्य कारणों की वजह से प्रत्युक्त तहत खराब था तथा कुछ बहुत पुरानी राशियां बट्टे खाते डाले जाने के लिये विचाराधीन थी।

6. अन्य अनियमितायें

6.1 भविष्य निधि में नियोक्ता अंशदान के सम्बन्ध में वि० अ० आ० को 3.18 करोड़ रु० की वापसी का न किया जाना

1–1–1986 से पूर्व सेवा आरंभ करने वाले वर्तमान कर्मचारियों ने समय-समय पर सामान्य भविष्य निधि एवं पेंशन एवं उपदान योजना के लिये विकल्प दिये थे। उन कर्मचारियों के मामले में जिन्होंने इस योजना के लिए कह दिया था, अंशदायी भविष्य निधि जमा उसके ब्याज के प्रति नियोक्ता का हिस्सा उनके लेखे में आहरित करके विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को वापिस किया जाना अपेक्षित था। विश्वविद्यालय ने उन कर्मचारियों के सम्बन्ध में, जिन्होंने सामान्य भविष्य निधि एवं पेंशन के उपदान योजना के लिये विकल्प दिया था, नियोक्ता के अंशदान जमा उस पर ब्याज वापिस ले लिया तथा 31–3–1989 को इस लेखे में संचित कुल राशि 418.03 लाख रु० थी। वापिस की जाने वाली अंशदान की राशि में से वि० अ० आ० ने विश्व विद्यालय को वि० अ० आ० द्वारा अनुमोदित तीन करोड़ रु० की अनुमानित लागत पर स्टाफ क्वार्टर (आवासीय योजना) के निर्माण पर अंशतः व्यय करने के लिये एक करोड़ रुपये उपयोग करने की अनुमति दी। तथापि, विश्वविद्यालय ने 31–3–1989 तक वि० अ० आ० की पूर्व अनुमति के बिना एक करोड़ रु० राशि के अनुमोदन के प्रति 171.92 लाख रु० का उपयोग किया तथा 246.11 लाख रु. की शेष राशि भी वापिस नहीं की थी। लेखे के अनुसार वास्तविक राशि 249.34 लाख रु० थी।

विश्वविद्यालय ने दिसम्बर 1989 में बताया कि वि० अ० आ० ने स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण के लिए एक दूसरे एक करोड़ रुपये के उपयोग हेतु विश्वविद्यालय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया था।

6.2 कर्मचारियों को 26.17 लाख रु० (लगभग) का अनियमित भुगतान

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अप्रैल 1985 में वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायकों के वेतनमान में 380–560 रु० से 425–640 रु० तक संशोधन करने की संस्वीकृति इस शर्त पर प्रदान की कि कोई बकाया का भुगतान नहीं किया जायेगा तथा यह वेतनमान

वर्तमान पदधारियों का व्यक्तिगत होगा तथा संशोधन को सैद्धान्तिक माना जायेगा। कार्यकारी परिषद ने दिनांक 1–10–1985 को हुई अपनी बैठक में विश्वविद्यालय के विभागों के वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायकों की तुलना में 425–640 रु० के संशोधित वेतनमान में महाविद्यालयों के वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायकों को रखने के आशय पर विचार किया। परिषद ने यह निश्चय किया कि विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालयों के वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक दिनांक 1–1–1973 से 425–640 रु० के संशोधित वेतनमान में इस शर्त पर रखे जायें कि कोई बकाया का भुगतान नहीं किया जायेगा तथा यह एक सैद्धान्तिक संशोधन होगा। परिषद ने आगे यह निश्चय किया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को संशोधन को सैद्धान्तिक रूप में न माने जाने के अनुरोध के साथ लेकिन संबंधित पदाधिकारियों को दिनांक 1–1–1973 से बकाया का भुगतान करने के लिये प्रस्तावित किया जाये। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने फरवरी 1989 में दिनांक 1–1–1973 से वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायकों को बकाया का भुगतान करने के लिये विश्वविद्यालय के अनुरोध को स्वीकार करने में अपनी असमर्थता पर खेद प्रकट किया। विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सहमति के बिना समस्त प्रधानाचार्यों/विभाग के अध्यक्षों को सम्बोधित करके 1–1–1973 से 29–4–1985 की अवधि के लिये या संबंधित अवधि से 29–4–1985 तक, जैसा भी मामला हो, वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायकों को बकाया का भुगतान करने के लिये जून 1989 में परिपत्र जारी किया। इसके परिणामस्वरूप वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायकों को लगभग 26.17 लाख रु० का अनियमित भुगतान हुआ।

विश्वविद्यालय ने दिसम्बर, 1989 में बताया कि विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद की शक्तियों में प्रशासनिक, प्रबन्धीय तथा अन्य आवश्यक पदों का सृजन करना तथा इस प्रकार के पदों के लिये परिलब्धियां निश्चित करना निहित किया गया था तथा वि० अ० आ० का संदर्भ केवल व्यय पूरा करने के लिये अतिरिक्त निधियां प्राप्त करने के प्रसंग में किया गया था। विश्वविद्यालय का उत्तर युक्तियुक्त नहीं था क्योंकि आयोग ने वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायकों के वेतनमान में संशोधन के लिये संस्वीकृति इस शर्त पर प्रदान की थी कि इस सम्बन्ध में किसी बकाया का भुगतान नहीं किया जायेगा तथा यह एक सैद्धान्तिक संशोधन होगा।

6.3 12.25 लाख रु० का परिहार्य अतिरिक्त व्यय

मई 1985 में "शैक्षणिक, कम्पलैक्स, साउथ कैम्पस धौला कुआं, नई दिल्ली एम० एल० पुस्तकालय भवन" के निर्माण के लिए 47.86 लाख रु० की (दि० द० अ० 1981 पर आधारित) अनुमानित लागत पर मद दर निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। कुल पांच निविदाएं प्राप्त हुई थी, 33.42% की दर पर ठेकेदार "क" का निम्नतम प्रस्ताव इस आधार पर अस्वीकृत कर दिया गया था कि इस ठेकेदार द्वारा किये जा रहे एक दूसरे कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं थी। 51.1% से ऊपर ठेकेदार "ख" के दूसरे निम्नतम प्रस्ताव का भी लाभ नहीं उठाया जा सका क्योंकि निविदा की वैधता अवधि समाप्त हो चुकी थी।

इसके बाद नवम्बर 1985 में नौ चयनित फर्मों को पूर्व प्रतिबन्धित निविदा सूचना देने के बाद निविदायें भेजी गई थीं। उसके उत्तर में चार निविदायें प्राप्त की गई थीं। 75.49% की अनुमानित लागत पर ठेकेदार "ग" से प्राप्त निम्नतम निविदा इस आधार पर अस्वीकृत की गई थी कि ठेकेदार ने कुछ मदों के लिये अवास्तविक दरें फाईल की थी तथा उसने मुख्यतः उड़ीसा में निर्माण कार्य किये थे तथा उड़ीसा सरकार के लिये एक पैवेलियन बनाने के अलावा दिल्ली में उनकी ओर से कोई विशिष्ट महत्वपूर्ण निर्माण कार्य नहीं किये गये थे। मई 1986 में 18 महीनों में पूरा किया जाने वाला निर्माण कार्य 75.50 प्रतिशत से अधिक की (दि० द० अ० 1981) नव दर पर रा० भ० नि० नि० को दिया गया था। लेखा परीक्षा में निम्नलिखित मुद्दे देखने में आये थे:

यद्यपि वि० अ० आ० द्वारा योजनाओं तथा प्रारम्भिक अनुमानों की सामान्य स्वीकृति की संस्वीकृति जून 1985 में प्रदान की गई थी तथापि निविदाओं को अन्तिम रूप देने में विलम्ब होने के कारण निर्माण कार्य केवल मई, 1986 में ही आरम्भ किया जा सका।

जैसा कि विश्वविद्यालय के अधीक्षक अभियन्ता द्वारा बताया गया, रा० भ० नि० नि० को निर्माण कार्य देते समय इसी प्रकार की निर्माण कार्यों के लिये प्रचलित दरें अनुमानित लागत से 52.39 प्रतिशत से अधिक तथा 51.81 प्रतिशत अधिक थी। रा० भ० नि० नि० को 85.50 प्रतिशत से अधिक प्रचलित बाजार दरों पर निर्माण कार्य देने से विश्वविद्यालय ने 18वें चालू बिल तक 12.25 लाख रु० का अतिरिक्त व्यय किया।

निर्माण कार्य 18 महीनों अर्थात् नवम्बर 1987 में पूरा किया जाना था लेकिन अभी तक प्रगति पर था। परियोजना की अनुमानित लागत भी 97.13 लाख रु० से 123.45 लाख रु० तक बढ़ गई थी। यदि ठेकेदार "ख" को प्रचलित बाजार दरों 51.1% से अधिक की दर पर निर्माण कार्य दिया गया होता तो विश्वविद्यालय को अतिरिक्त व्यय नहीं करना पड़ता। चूंकि ठेकेदार "ख" की निविदा तकनीकी रूप से स्वीकार्य थी, निविदा की वैधता अवधि समाप्त होने के लिये कोई कारण अभिलिखित नहीं किये गये थे।

विश्वविद्यालय ने दिसम्बर, 1987 में बताया कि निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका था।

(ख) रा० भ० नि० नि० को अगस्त 1986 में दिया गया 8.88 लाख रु० का ब्याज मुक्त संग्रहण अग्रिम भारत सरकार के दिनांक 15–7–1983 के आदेशों, जिसके अनुसार निविदा में रखी गई अनुमानित लागत का अधिकतम 10% की

सीमा तक या एक करोड़ रु० जो भी कम था, का संग्रहण अग्रिम एक करोड़ रु० तथा इससे ऊपर के निर्माण कार्य के सम्बन्ध में केवल एक ही ठेकेदार को दिया जा सकता है, के प्रतिकूल था।

6.4 बेकार पड़े उपस्कर

जापान सरकार अक्तूबर 1984 में विश्वविद्यालय के शैक्षिक तथा अनुसन्धान उपकरणों के सुधार के लिये 500 मिलियन येन (लगभग 3.30 करोड़ रु०) का अनुदान देने के लिये सहमत हुई क्योंकि फोर्ड फाउण्डेशन अनुदानों के अन्तर्गत प्राप्त अधिकांश वैज्ञानिक उपकरण अपना सामान्य समय व्यतीत कर चुके थे तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त निधियों से प्राप्त कुछ अन्य उपकरणों के प्रतिस्थापन की आवश्यकता थी। मार्च 1985 में जापानी विनिर्माताओं/सभरकों, जिनके भारत में बिक्री करने के बाद सेवा उपलब्ध कराने के लिये अपने एजेंट थे, को अपेक्षित उपकरणों के लिये आदेश प्रस्तुत किये गये थे। विश्वविद्यालय द्वारा ये उपकरण जनवरी से मार्च 1986 की अवधि के दौरान प्राप्त किए गए थे। लगभग 3.30 करोड़ रुपये की लागत के उपकरणों में से 72 लाख रु० की लागत के उपकरण पुराने भवनों में प्रतिष्ठापित किये गये थे। लगभग तथा 2.23 करोड़ रु० मूल्य के उपकरण नये उपकरणीय भवन में प्रतिष्ठापित किये गये थे। लगभग 25 लाख रु० की लागत के दो उपकरण अभी तक प्रतिष्ठापित नहीं किये थे तथा उनका साढ़े तीन वर्ष बीत जाने के बाद तक उपयोग नहीं किया गया था। आगे, उपयोग में लाये गये उपरणों के सम्बन्ध में कोई लाग बुक अनुरक्षित नहीं की गई थी। विश्वविद्यालय ने बताया कि समस्त उपकरणों के लिये लाग बुक उपयोगकर्त्ता समिति बनाने के बाद शीघ्र लागू की जायेगी। लाग बुक के अभाव में लेखा परीक्षा में यह सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि इन उपकरणों को इसके अनुकूलतम क्षमता के लिये उपयोग किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, भवन के पूरा न होने के कारण दि० वि० प्र० सं०/दिल्ली नगर निगम द्वारा अभी तक 2.48 करोड़ रुपये की लागत के उपकरण चालू करने के लिये अपेक्षित पानी कनैक्शन तथा बिजली कनैक्शन की संस्वीकृति प्रदान नहीं की गई थी। जिस भवन में ये उपकरण प्रतिष्ठापित किये गये थे वह भी अभी तक (अक्तूबर, 1989) सरकारी रूप से विश्वविद्यालय को नहीं सौंपा गया था। (अक्तूबर, 1989)।

6.5 प्रत्यक्ष सत्यापन—(पुस्तकालय) :

31 मार्च, 1989 को दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय प्रणाली में केन्द्रीय पुस्तकालय तथा 11,49,873 पुस्तकों के संग्रहण वाले 23 संघटक यूनिट थे। पुस्तकालय का प्रथम पूर्ण प्रत्यक्ष सत्यापन 1941 में तथा उसके बाद 1971 में किया गया था जबकि 3.86 लाख पुस्तकों में से 53,077 पुस्तकें लापता/गुम हुई सूचित की गई थी। 1971 में किये गये स्टॉक सत्यापन की प्राप्ति पर अनुवर्ती कार्यवाही करने के परिणामस्वरूप 1976 के अन्त में एक स्टॉक सत्यापन समिति स्थापित की गई थी। पुस्तकालय की स्टॉक सत्यापन समिति ने दिसम्बर, 1976 में एक स्टॉक सत्यापन सैल सृजित करने का निर्णय लिया। स्टॉक सत्यापन सैल में एक व्यावसायिक जूनियर, एक व्यवसायिक सहायक, 2 पुस्तकालय लिपिक तथा 2 पुस्तकालय परिचारक की संस्वीकृत पद संख्या है।

सत्यापन सैल समिति ने 24-3-1977 को 31 दिसम्बर 1982 तक प्रावस्था कार्यक्रम में 31 मार्च 1977 को विद्यमान लगभग 6 लाख खण्डों का नये सिरे से स्टाक सत्यापन का एक चक्र पूरा करने का निर्णय लिया। यह भी निर्णय लिया गया था कि अप्रैल 1977 तथा दिसम्बर 1982 के बीच जोड़ी जाने वाली तथा जोड़ी गई पुस्तकों का स्टॉक सत्यापन, पहला चक्र समाप्त होने के बाद दूसरे चक्र में आरम्भ किया जायेगा।

मार्च, 1977 से मार्च, 1984 तक के बीच अंशतः स्टॉक सत्यापन करने के परिणाम-स्वरूप 600000 पुस्तकों (31 मार्च 1977 को विद्यमान) में से 396084 संख्या की पुस्तकें प्रत्यक्ष रूप से सत्यापित की गई थी।

कार्यकारी परिषद ने मार्च, 1983 में पुस्तकालय प्रणाली का विकेन्द्रीयकरण किया तथा स्टॉक सत्यापन का कार्य पुस्तकालय प्रणाली के संबंधित यूनिटों को सौंपा गया था। यद्यपि स्टॉक सत्यापन समिति ने अप्रैल, 1984 में यह सुझाव दिया कि सत्यापन सैल को जारी रखने का औचित्य तथा पदों को रखने की वांछनीयता के बारे में विश्वविद्यालय पुस्तकालय समिति द्वारा जांच की जानी चाहिये, कोई निर्णय नहीं लिया गया था (अक्तूबर, 1989) तथा कार्य का विकेन्द्रीकरण होने के बाद तक सत्यापन सैल के लिये पदों की संस्वीकृति को जारी रखा था। विश्वविद्यालय ने अक्तूबर 1989 में बताया कि स्टॉक सत्यापन सेल उसके बाद भी जारी रहा लेकिन उसके स्टाफ को व्यावसायिक जूनियर के अलावा प्रणाली के स्टाफ में मिला दिया गया था तथा 32,273 पुस्तकें अप्रैल 1984 से मार्च 1986 के बीच सत्यापित की गई थी। विश्वविद्यालय ने मार्च 1986 के बाद किये गये कार्य के ब्यौरे इस आधार पर नहीं भेजे कि स्टाफ को प्रणाली के स्टाफ में मिला दिया गया था। तथापि, विश्वविद्यालय ने

दिसम्बर 1989 में बताया कि व्यावसायिक जूनियर, व्यावसायिक सहायक तथा दो पुस्तकालय परिचारकों का पुस्तकालय प्रणाली में 1984-85, 1985-86 तथा 1987 में रिक्त पदों के प्रति उपयोग कर लिया गया था।

इस प्रकार 31 मार्च 1977 को 6 लाख से अधिक पुस्तकों के खण्ड का स्टॉक सत्यापन जोकि 31 मार्च 1982 तक पूर्ण किया जाना अपेक्षित था मार्च 1989 तक भी नहीं किया गया था। अप्रैल 1977 से दिसम्बर 1982 के दौरान जोड़ी गई पुस्तकों के स्टॉक सत्यापन का दूसरा चक्र भी आरम्भ नहीं किया गया था। अप्रैल 1986 से अक्तूबर 1989 तक सत्यापन सैल के स्टाफ पर किया गया 4.69 लाख रु० का व्यय भी अभिप्रेत उद्देश्यों के लिये नहीं था।

6.6 3.05 लाख रु० का परिहार्य अतिरिक्त व्यय

अक्तूबर 1986 में स्वास्थ्यकर प्रतिष्ठापनों सहित साउथ दिल्ली कैम्पस एम० एच० भवन में पुरुष छात्रावास के निर्माण कार्य के लिये 16.04 लाख रु० (दि० दि० अ० 1981 पर आधारित) की अनुमानित लागत पर निविदायें आमंत्रित की गई थी प्रत्युत्तर में "क" तथा "ख" ठेकेदारों से दो निविदायें प्राप्त हुई लेकिन इस आधार पर खोली नहीं गई थी कि ठेकेदार "क" पहले ही एस० पी० जैन केन्द्र तथा विज्ञान खण्ड का निर्माण कर रहा था जिसकी प्रगति संतोषजनक नहीं थी तथा दूसरे ठेकेदार "ख" को पहले ही साउथ कैम्पस के विकास का कार्य दिया जा चुका था। अतः 12 महीनों की अवधि में पूरा किया जाने वाला यह निर्माण कार्य मई 1987 में अनुमानित लागत से 103.43% अधिक की नय दर पर राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम को दिया गया था।

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग को अनुमोदन हेतु संशोधित अनुमान प्रस्तुत करते समय यह बताया गया था कि लागत सूचकांक में वृद्धि तथा प्रचलित बाजार दरों से उच्चतर दरों पर रा० भ० नि० नि० को निर्माण कार्य देने के कारण परियोजना की लागत में 57 लाख रु० से 69.39 लाख रु० तक वृद्धि हो गई थी। भारत सरकार के आदेशानुसार रा० भ० नि० नि० बाजार दरों के अतिरिक्त केवल 10% तक मूल्य वरीयता ही प्राप्त कर सका जबकि रा० भ० नि० नि० को प्रचलित बाजार दरों से 33.5 उच्चतर दरों पर निर्माण कार्य दिया गया था। विश्वविद्यालय ने भी मई, 1989 को नवें चालू बिल तक 18.51 लाख रु० का भुगतान किया था।

12 महीनों अर्थात मई 1988 की अवधि में पूरा किया जाने वाला कार्य अभी तक प्रगति पर है। रा० भ० नि० नि० ने बिलों के भुगतान में झगड़े होने के कारण 57% लागत का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद फरवरी 1989 में कार्य स्थगित कर दिया था। जुलाई 1989 की बैठक में परस्पर रूप से यह निर्णय लिया गया था कि दोनों पार्टियों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य को बन्द समझा जाये तथा विश्वविद्यालय ने जुलाई 1989 में शेष कार्य दो प्राइवेट ठेकेदारों को उन दरों पर दिया जोकि रा० भ० नि० नि० से कराये गये कार्य की दरों से कम है। विश्वविद्यालय ने जनवरी 1990 में बताया कि जनवरी 1989 से वि० अ० आ० से निधियों की प्राप्ति न होने के कारण जुलाई 1989 में कार्य बन्द करने की वांछनीयता पर विचार किया गया था।

अभिलेखों की संवीक्षा से प्रकट हुआ कि बाजार प्रचलित दरों के अतिरिक्त 33.5% दर पर रा० भ० नि० नि० को निर्माण कार्य देने के अविवेकपूर्ण निर्णय से विश्वविद्यालय ने 3.05 लाख रु० का अतिरिक्त व्यय किया। विश्वविद्यालय ने शेष निर्माण कार्य दो प्राइवेट ठेकेदारों "ख" तथा "घ" को दिया। ठेकेदार "ख" को 1989 में 65.41% से अधिक पर निर्माण कार्य दिया गया था। ठेकेदार "ख" वही ठेकेदार था जिसकी निविदा विश्वविद्यालय द्वारा अक्तूबर 1986 में मंगवाई गई पहले की निविदा के प्रत्युत्तर में इस तर्क पर नहीं खोली गई थी कि उसका कार्य सन्तोष जनक नहीं था। विश्वविद्यालय का यह तर्क कि रा० भ० नि० नि० के साथ किया गया ठेका वि० अ० आ० से जुलाई, 1989 में निधियों की प्राप्ति न होने के कारण बन्द हुआ समझा गया था, भी सही नहीं था क्योंकि विश्वविद्यालय ने अपने आप जुलाई, 1989 में शेष निर्माण कार्य पुनः दिया था।

6.7 फ्लैटों के समापन में विलम्ब के कारण उनके आबंटन न होने के कारण राजस्व की हानि

"साउथ कैम्पस, एम० एच० में आवासीय काम्पलैक्स में टाईप-I, II, III, IV, तथा V फ्लैटों के निर्माण" कार्य के लिये 52.53 लाख रु० की अनुमानित लागत पर निविदायें 12 जून, 1984 के बजाय 7 मई, 1984 को आमंत्रित की गई थीं। उसके उत्तर में 5 निविदायें प्राप्त की गई थीं। 17.35% अधिक पर ठेकेदार "क" का निम्नतम प्रस्ताव उचित समझा गया था तथा 18 महीनों अर्थात् फरवरी, 1986 में पूरा किया जाने वाला निर्माण कार्य 31 अगस्त 1984 को दिया गया था। उसका 1,27,190 रु० (निम्न) की राशि का 10वां चालू बिल भुगतान के लिए 17 मार्च, 1987 को पारित किया गया था। उस समय तक किया गया कुल निर्माण कार्य 33,12,605/- रु० का था। विश्वविद्यालय ने 10-8-87

को अंतिम रूप से छः महीने का समय बढ़ाया लेकिन कोई प्रगति नहीं की गई थी। अतः ठेका 21 मार्च, 1988 को इस शर्त पर निरस्त किया गया था कि छोड़े गये निर्माण कार्य पर ठेकेदार को देय राशि में किया गया अधिक व्यय उसके द्वारा ही वहन किया जायेगा। 6-5-1988 को मंगवाने की बजाय 6/8-4-88 को 43.84 लाख रु० (दि० द० अ० 1981) की अनुमानित लागत पर शेष निर्माण कार्य के लिये नई निविदायें आमंत्रित की गई थी। 9 महीने में पूरा किया जाने वाला शेष निर्माण कार्य 22 अगस्त 1988 को 65.41% अधिक पर निम्नतम होने के कारण ठेकेदार "ख" को दिया गया था। यह कार्य अभी तक प्रगति में है (सितम्बर 1989)। जबकि इसे 30 मई, 1989 तक पूरा किया जाना था। तथापि, ठेकेदार को दिसम्बर 1989 तक समय बढ़ाने की अनुमति दी गई थी। अगस्त 1989 तक किये गये कार्य का कुल मूल्य 72,48,399/- रु० की निविदागत राशि के प्रति 26,01,873 रु० था।

वास्तविक समय अनुसूची के अनुसार निर्माण कार्य 9-3-1986 तक पूरा किया जाना था लेकिन अभी तक प्रगति पर है। असामान्य विलम्ब के परिणामस्वरूप लागत सूचकांक में 18-8-1984 को 274 से 1-11-1988 को 421 तक वृद्धि होने के कारण परियोजना की लागत 88,64,900/— रु० से 1-11-88,125/- रु० तक बढ़ गई थी तथा उदग्रहण तथा अनुदग्रहण सीमेंट की दरों में अन्तर हो गया था।

इस प्रकार निर्माण कार्य, जो अभी तक प्रगति पर है, में असामान्य विलम्ब होने से दिल्ली विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को फ्लैटों का आवंटन न होने के कारण राजस्व की हानि हुई है उसके अतिरिक्त सामग्री श्रमिकों की मजदूरी आदि की कीमतों में वृद्धि होने से परिसम्पत्ति पर व्यय की वृद्धि हुई।

विश्वविद्यालय ने दिसम्बर 1989 में बताया कि समस्त कार्य मई, 1990 तक समाप्त किया जाना निर्धारित है तथा ठेकेदार "क" से किया गया ठेका निरस्त किया गया था तथा अधिक लागत की वसूली का मामला मध्यस्थाधीन था।

6.8 प्रमुख निर्माण कार्य के निष्पादन में विलम्ब होने के परिणामस्वरूप निधियों में अवरोधन तथा परियोजनाओं (एम० डी० सी०) की लागत में वृद्धि।

1984-85 से 1988-89 की अवधि के दौरान साऊथ दिल्ली कैम्पस ने 236.71 लाख रु० की कुल निविदागत लागत पर प्रत्येक की 5 लाख रु० से अधिक लागत के 13 प्रमुख निर्माण कार्य लिये। ये निर्माण कार्य अगस्त 1985 से सितम्बर, 1988 के बीच समापन के लिये निर्धारित थे।

इन निर्माण कार्यों से संबंधित अभिलेखों की नमूना जांच से प्रकट हुआ कि अगस्त 1985 तथा सितम्बर 1988 के बीच समापन के लिये नियत किये गये 186.59 लाख रु० की निविदागत लागत पर 9 निर्माण कार्य जुलाई, 1989 में अभी तक प्रगति पर थे। 50.12 लाख रु० की निविदागत लागत पर शेष 4 निर्माण कार्य 6 माह से 23 माह तक का विलम्ब होने के बाद पूरे किये गये थे। निर्माण कार्य के निष्पादन में विलम्ब होने से निधियों में अवरोधन हुआ, इसके अतिरिक्त सामग्रियों, श्रमिकों की मजदूरी आदि की कीमतों में वृद्धि होने से निर्माण कार्यों के व्यय में वृद्धि हुई।

विश्वविद्यालय ने दिसम्बर 1989 में बताया कि निर्माण कार्य के निष्पादन में विलम्ब विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निधियां जारी न करने के कारण था।

6.9 निधियों का अवरोधन

दिल्ली नगर निगम (दि० न० नि०) ने अप्रैल 1983 में दिल्ली विश्वविद्यालय को सूचित किया कि उसको 1983-84 तक विश्वविद्यालय भवनों के सम्बन्ध में सामान्य कर सहित विभिन्न कर के 90 लाख रु० का भुगतान करना अपेक्षित था। विश्वविद्यालय भवनों के संबंध में सामान्य कर की मांग उनसे पहली बार मांगी गई थी। तथा विश्वविद्यालय ने दि० न० नि० को अभी तक सामान्य कर का भुगतान नहीं किया था क्योंकि उसके अनुसार इसे दिल्ली नगर निगम अधिनियम 1957 की धारा 115 (4) में निहित प्रावधानों के अनुसार उससे छूट प्राप्त थी।

तदनुसार विश्वविद्यालय ने मई 1983 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को कर देयता की परिसमाप्ति हेतु निधियों के लिये सिफारिश की। वि० अ० आ० ने मार्च, 1984 में सम्पत्ति कर के भुगतान के लिये 45 लाख रु० का अनुदान जारी किया जिसमें से विश्वविद्यालय ने 10 लाख रु० दि० न० नि० को दिये। विश्वविद्यालय ने आगे 1984-85 के लिये अपने संशोधित अनुमानों में प्रस्तावित प्रावधानों के अनुसार अपने अनुरक्षण अनुदान के भाग के सम्पत्ति कर के भुगतान के लिये 22.50 लाख रु० की राशि प्राप्त की।

इसी बीच मई 1983 में स्थाई परिषद द्वारा दिये गये परामर्श के अनुसार विश्वविद्यालय ने अक्तूबर, 83 में विश्वविद्यालय भवनों के सम्बन्ध में सामान्य कर की वसूली की आपत्ति के लिये दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की। याचिका स्वीकार कर ली गई तथा उच्च न्यायालय द्वारा नवम्बर 1984 में वसूली रोक दी गई थी।

विश्वविद्यालय ने मार्च 1985 में वि० अ० आ० को लिखा कि उसके वरिष्ठ परामर्शदाता के परामर्श पर उसने निर्णय लिया था कि दि० न० नि० को भुगतान न किया जाये तथा 57.5 लाख रु० की राशि मार्च 1985 में वि० अ० आ० को वापिस कर दी जायेगी। साथ ही साथ उसने उसी राशि अर्थात् गृह निर्माण अग्रिम आवर्ती निधि के लिये 57.5 लाख रु० के अनुदान की संस्वीकृति के लिये कहा। तथापि, वि० अ० आ० ने मार्च, 1985 में सूचित किया कि विश्वविद्यालय न तो वि० अ० आ० को राशि वापिस कर सका न ही इस राशि को अन्य उद्देश्य के लिये विपथित कर सका। वरिष्ठ परामर्शदाता से परामर्श प्राप्त करने के बाद विश्वविद्यालय ने 57.5 लाख रु० की राशि भारतीय स्टेट बैंक में पृथक लेखे में रखने का निर्णय लिया। यह धन मार्च 1985 के बाद से अभी तक पृथक लेखे में ही पड़ा है।

इस प्रकार यद्यपि विश्वविद्यालय ने मई 1983 में कानूनी सहायता प्राप्त की थी कि उसे सम्पत्ति कर की वसूली के लिये आपत्ति करनी चाहिये क्योंकि उसके पास यह एक अच्छा मौका था तथा अक्तूबर 1983 में वसूली के प्रति एक समावेश याचिका भी दायर करनी चाहिये, फिर भी उसने उसी के लिये मार्च 1984 तक पुनः 1984-85 में अतिरिक्त अनुदान प्राप्त किये यद्यपि इनकी तत्काल आवश्यकता नहीं थी। आगे, यद्यपि वि० अ० आ० ने सूचित किया था कि दिये गये स्थगनानुसार दि० न० नि० को तत्काल राशि दिया जाना अपेक्षित नही था तथा उसने विश्वविद्यालय को उसी राशि को वापिस करने की अनुमति नहीं दी। इसके परिणामस्वरूप 57.5 लाख रु० की राशि की निधियों अर्थात् मार्च 1984 से 35 लाख रु० तथा मार्च 1985 के बाद से 22.50 लाख रु० का अवरोधन हुआ।

विश्वविद्यालय ने जुलाई, 1989 में बताया कि उसके बैंक लेखे रोकने के लिये दि० न० नि० से लगातार दी जाने वाली धमकियों को ध्यान में रखते हुए 83-84 के संशोधित अनुमान में वि० अ० आ० को अपेक्षायें बताई गई थीं। वि० अ० आ० ने जून, 1989 में बताया कि उसने विश्वविद्यालय से एक संदर्भ प्राप्त किया कि इस मामले का निकट भविष्य में उच्च न्यायालय द्वारा निर्णय किये जाने की आशा नहीं थी तथा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ परामर्शदाता ने परामर्श दिया था कि वि० अ० आ० को राशि वापिस की जाये बशर्ते वह तत्काल सम्पत्ति कर का भुगतान करने के लिये सहमत हो, यदि उच्च न्यायालय द्वारा इस प्रकार का निर्णय लिया जाये। वि० अ० आ० ने भी अक्तूबर, 1989 में बताया कि वह विश्वविद्यालय के पास पड़े शेष को तत्काल वापिस करने के लिये अब लिख रहा था।

मामला मई 1988 में मानव ससाधन विकास मंत्रालय शिक्षा (विभाग) को सूचित किया गया था। मंत्रालय ने जुलाई 1988 में बताया कि उसके पास प्रस्तावित करने के लिये कोई टिप्पणी नहीं थी।

6.10 आंतरिक लेखा परीक्षा

विश्वविद्यालय द्वारा लेन-देन की जांच करने तथा अभिलेख के अनुरक्षण तथा नियमों, आदेशों तथा वित्तीय प्रबन्धों की अनुपालना की आंतरिक लेखा परीक्षा करने की प्रणाली 1958-59 में आरम्भ की गई थी। आंतरिक लेखा-परीक्षा विंग में एक आंतरिक लेखा परीक्षा अधिकारी, 3 अनुभाग अधिकारी, 8 वरिष्ठ लेखाकार, 4 सहायक तथा 2 कनिष्ठ सहायक टंकक हैं।

31 मार्च, 1988 को विश्वविद्यालय के पास 79 विभाग, 20 सभागार/छात्रावास तथा अनुरक्षित संस्थान, 16 वित्त प्रभाग तथा 6 स्थापना अनुभाग थे जिनमें से 1988-89 के दौरान 34 विभागों, 7 सभागारों/छात्रावासों तथा अनुरक्षित संस्थानों की लेखा परीक्षा की गई थी। 13 संस्थानों, 16 वित्त अनुभागों तथा 6 स्थापना अनुभागों की आंतरिक लेखा परीक्षा कभी भी नहीं की गई थी।

यूनिट के पास उसके कार्यों के लिये मार्गदर्शन निहित होने वाला कोई मैनुअल नहीं था।

धर्म वीर,
प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा-I
केन्द्रीय राजस्व, नई दिल्ली-2

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 4-5-90

विवरण पत्र सं०—1

दिल्ली विश्वविद्यालय

दिल्ली विश्वविद्यालय का तुलन-पत्र 31-3-1989 को

31-3-88 को	निधियां तथा देयताएं	31-3-89 को
रुपये		
41,75,45,504	1. अनुदान	42,69,94,624
46,88,136	2. उपहार तथा दान	47,18,166
19,45,67,707	3. भविष्य निधि	21,72,90,473
58,54,299	4. मूल्य ह्रास आरक्षित निधि	63,25,497
1,64,584	5. प्रकाशन निधि	2,37,458
10,59,087	6. कुलपति का छात्र-निधि	10,24,322
1,56,59,629	7. बंदोबस्त निधि लेखा	1,61,41,973
4,22,812	8. वाहन-ऋण निधि	4,25,556
5,29,74,588	9. गृह निर्माण ऋण निधि	6,43,07,063
2,06,167	10. प्रकाशन परिक्रामी निधि	2,30,780
3,21,463	11. रॉयल्टी निधि (अंग्रेजी विभाग)	3,76,514
1,55,875	12. "ओरिएंटल इन्सेक्ट्स" के प्रकाशन का निधि	1,60,487
17,25,724	13. हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय निधि	25,95,158
	देयताएं	
—	1. (क) अप्रयुक्त अनुदान	2,58,84,952
1,08,00,000	(ख) पेशगी प्राप्त हुआ अनुरक्षण अनुदान	1,60,00,000
28,27,459	2. विशान अवशान राशि तथा पुस्तकालय जमा राशियां	37,13,759
18,76,684	3. ठेकेदार की जमानतें	21,57,148
47,62,017	4. छात्रवृत्तियों की जमा राशि	27,88,591
86,90,972	5. अनुसंधान योजनाओं की जमा राशि	1,03,45,342
11,52,917	6. प्रोन्नत सम्मान, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, गोष्ठियों इत्यादि की जमा राशियां	10,22,717
4,86,444	7. अन्य जमा राशियां	1,07,677
21,62,946	8. राशि	42,95,446
20	9. पुस्तक बैंक (शिक्षा विभाग)	20
20,26,310	10. रा०से०यो० लेखा	25,58,754
4,93,883	11. प्रौढ़ तथा अनुवर्ती शिक्षा लेखा	2,30,692
47,25,383	12. गृह कर लेखा	47,51,028
61,570	13 सामूहिक बीमा योजना लेखा	1,65,773
73,54,02,170	जोड़	81,48,48,869

दिल्ली विश्वविद्यालय का तुलन-पत्र 31-3-1989 को

31-3-1988 को	परिसम्पत्तियां	31-3-1989 को
रुपये		रुपये
12,63,09,869	1. भवन	14,01,29,352
1,02,46,495	2. भूमि	1,21,27,102
13,57,29,041	3. फर्नीचर तथा उपस्कर	14,81,41,869
17,69,159	4. वाहन	19,45,393
1,42,00,791	5. वैज्ञानिक उपकरण	1,46,95,297
10,95,64,252	6. पुस्तकें तथा पत्र-पत्रिकाएं	12,11,20,876
1,34,252	7. खेलकूद का सामान तथा ट्रॉफियां	1,41,368
5,18,910	8. प्राप्य राशि	4,51,270
	9. भविष्य निधियां	
12,99,00,429	क. निवेश	13,22,96,500
4,75,94,424	ख. निवेशों पर प्राप्य ब्याज	4,92,44,643
	10. अन्य निवेश	
13,15,000	क. मूल्य ह्रास आरक्षित निधि	13,15,000
1,01,000	ख. प्रकाशन निधि	1,78,000
3,80,500	ग. कुलपति की छात्र-निधि	3,80,500
1,16,42,970	घ. बंदोबस्ती निधियां	1,20,09,577
89,817	ङ. समाज-कार्य विभाग	89,817
25,42,100	च. विज्ञान अंधदान राशि तथा पुस्तकालय जमा	23,89,100
7,30,000	छ. कम्प्यूटर केन्द्र	7,30,000
3,00,000	ज. रॉयल्टी निधि (अंग्रेजी विभाग)	3,45,000
51,04,629	झ. योजनागत विकास लेखा	1,31,20,865
75,000	ञ. प्रकाशन परिक्रामी निधि	75,000
1,00,000	ट. "ओरिएंटल इन्सेक्ट्स" पत्रिका की प्रकाशन निधि	1,00,000
9,50,000	ठ. हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय निधि	10,00,00
—	विविध लेखा	1,35,000
	11. पेशगियां तथा ऋण	
72,525	क. स्थायी पेशगी	97,425
6,95,207	ख. अन्य पेशगियां	10,27,954
65,000	ग. विश्वविद्यालय प्रेस को ऋण	—
3,60,598	घ. वाहन ऋण	4,18,029
4,45,71,777	ङ. गृह निर्माण ऋण	5,43,76,172
24,03,000	12. विश्वविद्यालय प्रेस	25,53,000
4,795	13. डेसू के पास जमानत (समाज कार्य विभाग)	4,795
43,14,473	14. आय से व्यय का आधिक्य	1,59,87,534
8,36,16,166	15. बैंक में रोकड़	8,82,32,451
73,54,02,179	जोड़	81,48,48,869

लेखों पर टिप्पणियां

1. सामान्य :

इन वार्षिक लेखों में हॉलों/छात्रावासों तथा अनुरक्षित संस्थाओं/कालेजों के लेखे शामिल नहीं हैं। जिन्हें अलग से भेजा जाएगा।

2. देयताएं : क्रम सं० 12

विश्वविद्यालय की सम्पत्तियों पर दिल्ली नगर निगम को दिए जाने वाले सामान्य कर की अदायगी का प्रश्न न्यायाधीन है।

3. परिसम्पत्तियां : क्रम सं० 11 (ख) अन्य पेशगियां

इन आंकड़ों में निम्नलिखित पेशगियां शामिल नहीं हैं जिन्हें उनके अन्तिम लेखा मद में ले लिया गया है। इन पेशगियों के समायोजन के लिए 31-3-1989 तक की पेशगियों के रजिस्टर पर ध्यान रखा जा रहा है और समायोजनों के लिए रोकी गई पेशगियों की स्थिति को श्रेणीवार नीचे दिया जा रहा है।

श्रेणी	पिछले वर्षों में रुपये	1986-87 में रू०	1987-88 में रू०	1988-89 में रू०	पेशगियां दी गई जोड़ रू०
	रू०	रू०	रू०	रू०	रू०
1. भवन	12,443	20,000	32,500	11,66,184	12,31,127
2. फर्नीचर तथा उपस्कर	16,475	---	3,17,159	64,84,091	68,17,725
3. वैज्ञानिक उपकरण	6,730	---	2,56,861	1,30,407	3,92,998
4. पुस्तकें तथा पत्र-पत्रिकाएं	---	---	---	4,485	4,485
5. अनुसंधान योजनाएं संगोष्ठियां तथा अनुसंधानवृत्तियां	96,079	7,151	19,706	47,30,142	48,53,078
6. अन्य पेशगियां जिन्हें संबंधित वर्षों के आय तथा व्यय लेखों में लिख लिया गया है।	3,22,084	2,03,959	6,12,408	30,95,566	42,34,017
जोड़	4,52,811	2,31,110	12,38,634	1,46,10,875	1,65,33,430

प्रमाणित किया जाता है कि विश्वविद्यालय को मिले अनुदान का उपयोग उन्हीं कार्यों के लिए किया गया है जिनके लिए उन्हें स्वीकृत किया गया था और दिया गया था।

विवरण सं० 2

वर्ष 1988-89 का आय तथा व्यय लेखा

1987-88	आय	1988-89
	1 गैर योजनागत लेखा	
	का अनुरक्षण अनुदान लेखा	
रु० पै०		रु० पै०
14,93,94,637.69	1. अनुदान, पूंजीगत व्यय को छोड़कर	16,93,88,723.68
41,22,816.16	2. छात्रों से प्राप्त शुल्क	41,04,010.40

1987–88	आय	1988–89
65,32,912.99	3. परीक्षा शुल्क	1,10,45,764.10
10,64,377.62	4. अन्य शुल्क	15,24,312.17
1,94,350.90	5. स्वास्थ्य केन्द्र अंशदान	2,30,772.00
1,27,422.05	6. प्रकाशनों की बिक्री	2,82,715.16
55,776 50	7. फोटोकापी तैयार कराने के खर्चे	1,21,574.50
768.00	8. ग्राफिक आर्ट्स सेंटर	41,070.00
15,94,450.66	9. लाइसेंस शुल्क, बिजली, पानी के खर्चे इत्यादि	14,74,673.09
	10. विविध	
3,22,140.34	(क) ब्याज	7,88,337.95
38,84,555.69	(ख) अन्य मदों से आय	17,71,201.93
16,72,84,208.49	जोड़	19,07,73,154.98
	2. योजनागत विकास लेखा	
	1. अनुदान, अनावर्ती अनुदानों को छोड़कर	
99,433.00	(क) पांचवीं योजना की स्कीमें	—
14,24,409.00	(ख) छठी योजना की स्कीमें	2,95,329.72
60,609.86	(ग) उच्च अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्र	—
1,20,000.00	(घ) सातवीं योजना की स्कीमें	1,50,000.00
17,04,451.86	जोड़	4,45,329.72
16,89,88,660.35	जोड़ 1 तथा 2	19,12,18,484.70
1,08,62,502.37	आय से व्यय का आधिक्य	1,16,73,060.84
17,98,51,162.72	कुल जोड़	20,28,91,545.54

वर्ष 1988–89 का आय तथा व्यय लेखा

वेतन तथा भत्ते 1987–88		अन्य खर्चे जिनमें देय राशियां शामिल हैं		जोड़		I गैर–योजनागत व्यय	वेतन तथा भत्ते		अन्य प्रभार 1988–89		जोड़	
रु०	पै०	रु०	पै०	रु०	पै०		रु०	पै०	रु०	पै०	रु०	पै०
						(1) गैरयोजनागत व्यय अनुरक्षण अनुदान लेखा						
1,57,43,051	78	57,38,282	43	2,14,81,334	21	1. सामान्य प्रशासन	1,78,64,903	76	71,68,835	20	2,50,33,738	96
45,41,099	30	1,21,37,453	76	1,66,78,553	06	2. परीक्षा नियंत्रक का कार्यालय	49,95,214	45	1,54,23,198	85	2,04,18,413	30
2,41,81,073	25	14,24,229	65	2,56,05,302	90	3. कला तथा समाज विज्ञान संकाय	2,42,71,078	55	16,14,176	20	2,58,85,254	75
2,29,04,320	98	36,44,233	89	2,65,48,554	87	4. विज्ञान संकाय	2,52,33,078	45	33,11,893	54	2,85,44,971	99
65,56,774	58	2,46,442	50	68,03,217	08	5. विधि संकाय	72,88,342	85	1,46,662	70	74,35,005	55
19,45,791	25	27,329	89	19,73,121	14	6. संगीत तथा ललित कला संकाय	19,93,085	60	18,096	00	20,11,181	60
29,05,698	82	1,84,635	86	30,90,334	68	7. गणित संकाय	29,10,550	45	1,42,813	70	30,53,364	15
3,36,491	60	5,46,736	59	8,83,228	19	8. आयुर्विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संकाय	3,57,738	40	6,32,824	18	9,90,562	58
22,42,499	48	2,20,020	48	24,62,519	96	9. प्रबंध अध्ययन संकाय	24,28,831	25	1,45,388	43	25,74,219	68
38,48,480	65	2,58,533	17	41,07,013	82	10. शिक्षा संकाय	38,52,596	90	2,36,163	37	40,88,760	27
69,85,131	64	21,11,398	76	90,16,550	42	11. दक्षिण दिल्ली परिसर	83,12,227	70	28,42,741	22	1,11,54,968	92
80,20,447	78	9,01,229	65	89,21,677	43	12. दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय तंत्र	87,35,982	60	11,26,633	68	98,62,616	28
4,64,013	23	39,253	77	5,03,267	00	13. हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय	5,22,951	80	45,361	65	5,68,313	45
11,12,482	70	83,76,948	33	94,89,431	03	14. छात्र–सुविधाएं	11,62,705	42	82,65,345	58	94,28,051	00
26,65,690	88	1,46,05,491	68	1,72,71,182	56	15. कर्मचारी–हित योजनाएं	33,36,039	50	2,23,62,554	25	2,56,98,593	75
—		4,52,786	20	4,52,786	20	16. अनुदान तथा अंशदान	—		5,55,541	80	5,55,541	80
52,61,562	10	89,56,239	16	1,42,17,801	26	17. अनुरक्षण तथा मरम्मत के कार्य	58,82,266	43	93,72,797	65	1,52,55,064	08
2,72,380	25	—		2,72,380	25	18. अध्ययन अवकाश	1,55,113	30	—		1,55,113	30
8,14,293	30	14,19,625	62	22,33,918	92	19. कॉलिजेतर महिला शिक्षा मंडल	8,64,265	35	13,93,614	40	22,57,879	75
2,11,871	10	4,07,221	42	6,19,092	52	20. ग्राफिक आर्ट्स केन्द्र	2,57,691	00	1,23,336	28	3,81,027	28
12,34,887	65	28,35,881	06	40,70,768	71	21. दिल्ली विश्वविद्यालय कम्प्यूटर केन्द्र	13,94,169	10	3,80,713	07	17,74,882	17
10,37,576	55	—		10,37,576	55	22. अतिरिक्त मंहगाई भत्तों के दिए जाने के फलस्वरूप, वित्तीय भार	—		—		—	
11,32,05,638	87	6,45,33,973	89	17,77,39,612	76	जोड़	12,18,18,832	86	7,53,08,691	75	19,71,27,524	61

व्यय लेखा

वेतन तथा भत्ते 1987-88	अन्य खर्चे जिनमें देय राशियां शामिल हैं	जोड़		वेतन तथा भत्ते 1987-88	अन्य प्रभार जिनमे 1988-89 देय राशियां शामिल हैं	जोड़
रु० पै०	रु० पै०	रु० पै०		रु० पै०	रु० पै०	रु० पै०
			2. योजनागत विकास अनुदान लेखा			
			क. पाचवीं योजना की स्कीमें जिनमे दक्षिण दिल्ली परिसर की स्कीमे शामिल हैं	—	—	—
6,31,034.35	5,21,698.65	11,52,733.00	ख छठी योजना की स्कीमें	2,59,649.00	4,01,387.08	6,61,036.08
—	(—) 4,48,682.76	(—) 4,48,682.76	ग उच्च अध्ययन तथा अनुसंधान केन्द्र	—	—	—
3,85,684.40	10,21,815.32	14,07,499.72	घ सातवीं योजना की स्कीमें	20,63,839.91	30,39,144.94	51,02,984.85
40,16,718.75	10,94,831.21	21,11,549.96	जोड़ II	23,23,488.91	34,40,532.02	57,64,020.93
11,42,22,357.62	6,56,28,805.10	17,98,51,162.72	जोड़ 1 और 2	12,41,42,321.77	7,87,49,223.77	20,28,91,545.54
11,42,22,357.62	6,56,28,805.10	17,98,51,162.72	कुल जोड़	12,41,42,321.77	7,87,49,223.77	20,28,91,545.54

लेखों पर टिप्पणियां

